# CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL

**KANKE ROAD, RANCHI**

**Revision Assignment**

**Subject: Hindi** **Class: VII**

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए :**

क) 'नए समाज के लिए' कविता में कवि नए समाज के लिए नया विधान क्यों माँग रहा है? वह स्वर्ग और वज्रदंड क्यों नहीं चाहता?

ख) 'वणिक स्वनाम धन्य हो' से कवि का क्या तात्पर्य है?

ग) सभी धर्मो का ध्येय क्या है और सबसे बड़ा धर्म किसे कहा गया है?

घ) 'नए समाज के लिए' कविता के कवि का नाम क्या है? अपने देश का सिर ऊंचा उठाने के लिए हमें क्या करना पड़ा?

ड.) दियासलाई के जलने पर लड़की को क्या अनुभव हुआ? वह क्यों डर गई थी? उसने डर कर क्या किया?

च) उस लड़की की समस्या क्या थी? इसका उसने क्या समाधान निकाला?

छ) बूढी मां ने बेटे भगत को क्या बात समझानी चाही?

ज) किस मनोवृति के कारण भगत अंतिम समय तक सोना बनाने के लिए पारस का प्रयोग नहीं कर सका?

झ) पखवाड़ा बीतने के निकट आने पर बनिए और भगत की मनोदशा का वर्णन कीजिए।

ञ) स्वर्ण मरीचिका कहानी के रचयिता कौन हैं? इस कहानी के माध्यम से क्या संदेश दिया गया है?

2. **निम्नलिखित पंक्तियों के भाव स्पष्ट कीजिए।**

क) लड़की के सामने फिर से अभेद्य ठंडी और गीली दीवार खड़ी हो गई।

ख) उसके लंबे बाल कंधों पर काफी सुंदर लग रहे थे, लेकिन उसने कभी उनके बारे में सोचा नहीं था।

ग) हाथ आया टका स्वप्न के अपार खजाने से कहीं बढ़कर होता है।

घ) समय बीत गया। समय अनमोल है, जो तुमने यों ही गँवा दिया।

3. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

क) फूल सिखाते हँसते रहना,  
काँटों में भी आगे बढ़ना।  
नदियाँ देतीं संदेश निराला,

चलते रहना जीवन वाला।

मीठी बोली सबको भाती,

प्रेम की खुशबू जग में लाती।

मिल-जुलकर हम काम करें,

जीवन को खुशहाल करें।

1. फूल हमें क्या सिखाते हैं?
2. नदियां क्या संदेश देती हैं?
3. कांटों में भी क्या करना चाहिए?
4. हमें कैसी बोली बोलनी चाहिए?
5. इस पद्यांश का मुख्य संदेश क्या है?

ख) चलना ही जीवन की रीति,

मेहनत सबसे बड़ी है प्रीति।

छोटा-सा दीपक जलता है,

तम से कभी न डरता है।

नदियाँ बहना सिखलाती हैं,

पर्वत अटल रहना बताते हैं।

फूल सभी को हँसना सिखाएँ,

वृक्ष सदा उपकार दिखाएँ।

आओ मिलकर नेक बनें,

भारत का उज्ज्वल भविष्य गढ़ें।

1. कविता के अनुसार जीवन की रीति क्या है?

   (क) रुकना (ख) चलना (ग) सोना (घ) खेलना

2. दीपक किससे नहीं डरता?

   (क) वर्षा से (ख) अँधेरे से (ग) हवा से (घ) धूप से

3. नदियाँ हमें क्या सिखाती हैं?

   (क) रुकना (ख) बहते रहना (ग) लड़ना (घ) सोना

4. वृक्ष हमें क्या संदेश देते हैं?

   (क) उपकार करना (ख) क्रोध करना (ग) आलसी बनना (घ) स्वार्थी बनना

5. कविता का मुख्य भाव क्या है?

(क) परिश्रम, सेवा और सदाचार का महत्व (ख) केवल खेलकूद

(ग) यात्रा का वर्णन (घ) मौसम का वर्णन

4. दिए गए विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

क) वृक्ष हमारे मित्र ख) लड़का- लड़की एक समान

5. क) प्रधानाचार्य को दो दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।

ख) अपने मित्र को रक्षाबंधन के त्योहार के बारे में बताते हुए पत्र लिखिए।

*****